क्या सस्कार (गहरे विचार) हो जाते हैं कि जिनकी फिर तबदीली ही न होकर वे ही वे (एक ही प्रकार के) रह जाते हैं ? उस विवेक ख्याति सच्चे अनुभव) के विचार ऐसे क्या होते हैं कि जिनकी जड फिर नहीं उखडती अर्थात् जिस विवेक ख्याति से यह निर्बीज हालत होती है वह सच्चा अनुभव (विवेक ख्याति क्या है, जब विवेक ख्याति की हालत से निरोध की हालत होती है तो विवेक ख्याति की हालत किस से होती है ?

उ० – जब चित्त का आत्मा से अलग भान होकर आत्मा से (द्रष्टा से) चित्त का मिश्रण (एकता) मिटने लग जाता है, तब इसी चित्त की हालत को विवेक ख्याति या असम्प्रज्ञात समाधि के नाम से कहते हैं और यही हालत गहरे सस्कार (परमयोग के) ऐसे डाल देती है कि फिर वह निरोध की हालत, चित्त की कभी भी तबदील नहीं हो सकती ।

(नोट) इस मे बहुत खयाल करने की हालत बदल कर चित्त की एकाग्रता की हालत हो जाती है । यह भी चित्त की एक प्रकार की हालत है कि जिसमें झूठे सर्वार्थता, अनुभवों को छोड सचाई में चित्त की बाहरी हालत की तबदीली हो जाती है । छूटकर, मिटकर, दबकर, विवेक ख्याति से बाहरी विचार (सर्वार्थता) आत्माकारता (एकाग्रता ज्ञान) की ही हालत में चित्त रहने लग जाता है, इसी से फिर वे ज्ञान, (विचार) दृढता को पकड लेते हैं । बहुत तरगें उठने की तबदीली होकर

(एक ही तरफ) चित्त लगने से एकाग्रता से विवेक-ख्याति होती है, इसमें चित्त की हालत बहुत ख़याल करने की तबदीली होकर एकाग्र (एक तरफ) हो जाती है।

सू०—ततः पुनः शान्तोदितौ तुल्यप्रत्ययौ चित्तस्यैकाग्रतायाः परिणामः ॥१२॥

२—मन री चंचलता में भी एक ही कानी आवता रे'णो मन री अवस्था बदलणो बाजे है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! कहाँ तक चित्त की हालत तबदील हो सकती है और इस दृढ़ता की हालत में चित्त कैसे आता है?

उ०—हे सौम्य! फिर जब वह एकाग्रता ज्ञान की हालत दृढ़ होने लगती है, तब ज्ञान के सच्चे अनुभव के बीच में दूसरे विचार आने नहीं पाते, यही चित्त की हालत जब दृढ़ हो जाती है, तब निर्बीज समाधि परमयोग (अपनी असली हालत को) चित्त पा लेता है फिर चित्त वहाँ से नहीं हट सकता। जब तक चित्त अपनी असली हालत नहीं पा लेता है अर्थात् निर्बीज समाधि नहीं होती है, तब तक फिर उत्तर आने की निर्बलता रहा करती है।

(नोट) बारंबार एक ही तरह के विचार उठते रहना और

उनके बीच में दूसरे विचारो का न आना ही चित्त की एकाग्रता की हालत कही जाती है। यह एकाग्रता की हालत सयम के अधिक ठहरने से आती है और एकाग्रता की हालत अधिक ठहरने से संप्रज्ञात (विवेक-ख्याति) की हालत होती है। विवेक ख्याति अधिक रह जाने से निर्बीज हालत हो जाती है और तब योगी कृतकृत्य हो जाता है।

—०—

सू०—एतेन भूतेन्द्रियेषु धर्मलक्षणावस्थाः परिणामा व्याख्याताः ॥१३॥

२—यूँ ही हरे'क चीज रा स्वभाव, नाम, ने अवस्था बदले है।

---

(५) प्र०—क्या यों हालतें चित्त की ही बदलती हैं या और भी किसी की बदलती है।

उ०—इसी तरह देखने की इन्द्रियें और इन्द्रियो से दीखने वाली सब चीजें अपनी अपनी हालत तबदील करती हैं अर्थात् जो कुछ दीखता है वह कुल ही हालत की तबदीली (परिणाम) ही है।

(नोट) अपनी खास हालत से दूसरी हालत में होना धर्म-परिणाम कहाता है। यही हालत दूसरी तब्दीलों से अलग होने से लक्षण परिणाम भी इसे कहते हैं और इसका भी नया पुरानापन अवस्था परिणाम कहाता है।

सू०—शान्तोदितोऽव्यपदेश्यधर्मानुपाती धर्मी ॥ १४॥

२—सारा हरफेर में भी जणी रो हेरफेर नी व्हे' वो ही स्वभाववाजे है।

---

(५) प्र०—ये हालते किस को तबदील होती हैं ?

उ०—जो अब होने वाली, होगई, और हो रही है, हालत में अपनी खासियत बिना छोड़े ही अपनी हालत में बदलता रहता है। वही खास हालत धर्मी के नाम से कही जाती है और उसकी हालतें उसका धर्म कहाती हैं। इसी खास हालत को प्रकृति द्रव्य आदि नाम से भी कहते हैं। यह सम्पूर्ण जगत् इसी की हालतें हैं, और इसकी कितनी हालते हो सकती हैं, यह कोई नहीं जान सकता। क्योंकि इसकी कोई हद नहीं है।

सू०—क्रमाऽन्यत्वं परिणामाऽन्यत्वे हेतुः ॥१५॥

२—अणी स्वभाव में हेरफेर पणों तो तरंगाँ री लमटेर शूँ है।

---

(५) प्र०—वह खास हालत तबदील नहीं होकर भी अनेक हालतें तबदील कैसे करती हैं अर्थात् एक धर्मी के अनेक धर्म कैसे होते हैं ?

उ०—सिलसिले की तबदीली (क्रमान्यत्व) ही हालत तबदीली का कारण है अर्थात् यद्यपि खास हालत

एक ही है, तो भी उसमें सिलसिले की तबदीली है, उसे ही हालत तबदीली कहते हैं। जैसे मिट्टी है, वह मिट्टी ही है, उसका एक वर्तन बनाने से वह मिट्टी वर्तन की हालत मे तवदील होकर भी अपनी मिट्टी की हालत में रहती ही है फिर उस वर्तन को पकाने पर वह पक्के वर्तन की हालत मे होकर भी, है मिट्टी ही। फिर वह फूट कर रोटी बनाने की तई की हालत मे हो जाती है। यही सिलसिले से (क्रम से) तवदीली (मिट्टी, कच्चा वर्तन, पका वर्तन, और तई) ही क्रम से तबदीली कही जाती है और या हालत को तबदीली होने पर भी वह, है मिट्टी ही, इसका मतलब यह है कि एक कोई ऐसी वस्तु है कि उस मे अनन्त (बेशुमार) हालतें तबदील कर लेने की ताकत है और जो कुछ पहले हो गया हो रहा और होगा यह कुल और कुछ नहीं, उसी एक वस्तु की हालत तबदीली मात्र है। उसे ही अव्यक्त मायाशक्ति प्रधान आदि अनेक नाम से लोग कहा करते हैं।

सू०—परिणामत्रयसंयमादतीतानागत-ज्ञानम् ॥१६॥

२—जी तरगाँ व्हे'ने मिट गई, व्हेय री' है, ने व्हे'गा, अणाँ मे ऊँडो विचार करया शूँ आगली पाछली सूझया लाग जाय है।

---

(५) प्र०—हे भगवन् ! मैंने यहाँ तक यह समझा कि चित्त इन्द्रिय

और ये दीखने वाले रग शब्द आदि एक ही वस्तु की केवल हालत तबदील हो रही है कि जो ऊँचा योग का अधिकारी नहीं होने से इस दीखने वाले शक्ति के उलट फेर को ही बडी बात मानता है। उसको योग मे विश्वास, विना प्रत्यक्ष के नही हो सकता और विना विश्वास आगे बढ नही सकता। इस लिये ऐसे अधिकारी के लिये में अब प्रश्न करता हू कि आपने जो आज्ञा की थी कि धारणादि तीनों सयम की सिद्धि हो जाने से सच्चा अनुभव (विवेक ख्याति) मिलता है और उस संयम को सीढी दर सीढी चढाना चाहिये और सब से सयम की ऊँची सीढी विवेक ख्याति नाम का सच्चा अनुभव है। परन्तु किसी की यह इच्छा हो कि जो बात होने वाली है अथवा हो गई, उसे जानू तो उसे क्या करना चाहिये अर्थात् मन्द अधिकारी इन्ही तबदील होने वाली बातो की इच्छा किया करते हैं। ऐसा मनुष्य अष्टाङ्ग योग साधन कर अगर यह इच्छा करे कि मुझे होने वाली बात और होगई उसकी मालूम हो जाय तो योग से उसकी यह इच्छा कैसे पूरी हो सकती है?

उ०—हे सौम्य। प्रत्येक वस्तु की तीन तरह की तबदीली होती है। पहली हालत को पहली तबदीली और पहली हालत को बदल कर दूसरी मे आना इसे ही धर्म परिणाम भी कहते हैं। फिर इस दूसरी हालत में कुछ ठहरने की सी प्रतीति होना लक्षण परिमाण कहाता है। फिर तीसरी हालत में जाना

-,अवस्था परिणाम कहाता है। इन तीनों हालतों में संयम करने से होने वाली और जो होगई, वह बात मालूम हो जाती है।

सू०—शब्दार्थप्रत्ययानामितरेतराध्यासात्सङ्करस्तत्प्रविभागसंयमात् सर्वभूतरुतज्ञानम् ॥१७॥

र—बोली बोली रो अर्थ ने बोली बोली रा विचार मिल्या थका व्हे' ज्यूँ दीखे है। पण-अणाँ रो न्यारो न्यारो ऊँडो विचार करे तो सबाँ री बोली समझवा लाग जाय।

---

(५) प्र०—कोई योगी चाहे कि मुझे पशु पक्षी तथा सब तरह की भाषा की समझ पड़ने लगे तो उसे क्या करना चाहिये ?

उ०—शब्द, शब्द का अर्थ और उसका ज्ञान, एक दूसरे से मिले हुये मालूम होते हैं। इन तीनों मे अलग अलग संयम करने से सब जीवों की बोली समझ में आ जाती है ?

सू०—संस्कारसाक्षात्करणात् पूर्वजाति-ज्ञानम् ॥१८॥

२—अन्त:करण रो ऊँडो विचार करे तो पे'ली रा जन्म री खबर पड़ जाय।

(५) प्र०—पूर्व जन्म का ज्ञान कैसे होता है-इस जन्म से पहले मैं कौन और क्या था यह कैसे मालूम होता है ?

उ०—संस्कार (इन्छा) मे सयम करने से पूर्व जन्म का ज्ञान हो जाता है।

सू०—प्रत्ययस्य परचित्तज्ञानम् ॥१६॥

२—पराया रा विचार रो ऊँडो विचार करे तो वणी रा मन मायली खबर पड़ जाय।

(५) प्र०—किसी दूसरे के मन की बात कैसे मालूम होती है ?

उ०—उसके चित्त मे सयम करने से उस में क्या क्या भाव है, यह मालूम हो जाता है।

सू०—न च तत्साऽऽलम्बनं तस्याऽविषयी-भूतत्वात् ॥२०॥

न—पण अणी शूँ आगे री खबर नी पडे। क्यूँ के जणी पे ऊँडा विचार करे वणी री हीज खबर पडे है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! यों पराये मन की बात जानने से फिर यो भी मालुम हो जाता है कि नहीं, कि इनके मन मे यह बात है और वह इस प्रकार की है। जैसे-किसी के चित्त मे प्रीति है यह तो मालूम होगया पर किस मे प्रीति है और जिसमें प्रीति है वह वस्तु कैसी है और उसकी प्रीति इसमें है कि नहीं यह भी क्या इसी चित्त में सयम करने से ज्ञात हो जाता है, या कोई अन्य उपाय है?

उ०—हे सौम्य! पराये चित्त मे सयम करने से उस चित्त की हालत की मालूम होती है कि इसमे राग द्वेष आदि क्या है। फिर उस राग द्वेप में सयम करने से यह मालूम पड़ती है कि किसमें ये राग द्वेप हैं। फिर उसमे सयम करने से मालूम पडती है कि वह कैसा है। यों आगे से आगे सयम बढाना पडता है, एक दम सीढी छोड कर मालूम नहीं पडती।

सू०—कायरूप संयमात् तद्ग्राह्यशक्तिस्तम्भे चक्षुःप्रकाशाऽसंप्रयोगेऽन्तर्द्धानम् ॥२१॥

२—अलोप व्हेवा रो उपाय यो है के शरीर रा रंग मे ऊँडो विचार कर रंग ने छिपाय लेवे, जणी शूँ दूसरा ने आपणो रंग नीं दीखे।

---

(५) प्र०—कोई यह चाहे कि मुझे कोई देख न सके अर्थात् अन्तर्धान हो जाऊँ तो उसे क्या करना चाहिये ?

उ०—अपने शरीर के रंग में संयम करने से वह रंग छिप जाता है तब दूसरे की आँख में वह रंग आता ही नहीं। इससे योगी को कोई देख नहीं सकता। यों ही शब्द में संयम करने से उसकी बोली कोई नहीं सुन सकता, इसी प्रकार सब तरह से वह छिप सकता है।

सू०—सोपक्रमं निरुपक्रमं च कर्म तत्संयमाद्-परान्तज्ञानमरिष्टेभ्यो वा ॥२२॥

२—शरीर छूटवा री खबर पाड़णी व्हे'तो कर्म री धीमी, ने आगती चाल पे ऊँडो विचार करे अथवा उपद्रवाँ पे विचार करे।

---

(५) प्र०—मरने की कैसे मालूम हो सकती है ?

उ०—हर एक के कर्म दो तरह के होते हैं-कुछ कर्म तो बाहर आने के लिये (फल देने को) तैयार होते हैं अर्थात् जल्दी फल भुगताते हैं, और कुछ विलम्ब से। इन दोनों प्रकार के कर्मों में संयम करने से मृत्यु का ज्ञान होता है अर्थात् विपरीत हालत से भी मृत्यु की मालूम हो जाती है।

सू०—मैत्रादिषु बलानि ॥२३॥

२—मोह, दया, ने हर्ष अणाँ तीनाँ पे ऊँडो विचार करवा शूँ वगीरे ई तीन ही आधीन व्हे जांय।

---

(५) प्र०—कोई यह चाहे कि मैं किसी विरोधी से मित्रता करा दूँ वा मुझ से शत्रु भी मित्रता करे तो उसे क्या करना चाहिये ?

उ०—मैत्री, करुणा, मुदितादि और यम नियम आदि जो पहले कहे थे, उनमें से जिसमें संयम करे उसी का बल योगी प्राप्त कर लेता है। मित्रता की भावना से मित्रता की ताकत योगी में आ जाती है, जिससे, उससे वा वह चाहे जिससे चाहे सो मित्रता कर सकता है यों ही करुणादि सब समझ लेना चाहिये।

सू०—वलेषु हरितवलादीनि ॥२४॥

र—बळ पे ऊँडो विचार करे तो चावे जतरो (हाथी रो) वळ आय जाय।

(५) प्र०—कोइ चाहे कि मेरे में हाथी के समान बल पराक्रम होवे तो उसे क्या करना चाहिये ?

उ०—हाथी के बल में सयम करने से हाथी का वल योगी में आजाता है। यों ही जिसके बल की इच्छा हो उसी के बल मे सयम करने से उसी का वल प्राप्त हो जाता है।

सू०—प्रवृत्त्याऽऽलोकन्यासात् सूक्ष्मव्यवहित-विप्रकृष्टज्ञानम् ॥२५॥

र—छेटी री, नजी'क री, ने आळसा री चीजाँ देखणी चावे तो मायला उजाळा पे ऊँडो विचार करे।

(५) प्र०—बहुत बारीक, दूर अथवा छिपी हुई (गड़ी हुई) वस्तु का ज्ञान कैसे होता है ?

उ०—शोक रहित जो सात्विक प्रकाश पहले कहा था, उसमें सयम करने से सूक्ष्म वा ओट मे आई हुई और दूर की वस्तु दीखने लग जाती है अर्थात् अनेक प्रकार के सूर्य चन्द्र नक्षत्र मणि आदि दीखने लगते हैं।

नोट—पाद १ सूत्र ३६ मे कही सो, विशोका है, यह हृदय में धारणा से मिलती है।

सू०—भुवनज्ञानं सूर्य्ये संयमात् ॥२६॥

२—सूरज पे ऊँडो विचार करे तो तीन ही लोक दीसवा लाग जाय ।

(५) प्र०—हे भगवन् ! स्वर्ग नरक आदि लोकों की मालूम कैसे पड़ती है ?

उ०—सूर्यद्वार में सयम करने से सब लोक दीसने लग जाते हैं।

सू०—चन्द्रे ताराव्यूहज्ञानम् ॥२७॥

२—चंद्रमा में ऊँडो विचार करवा शूँ तारा री बणावट री खबर पड़ जाय ।

(५) प्र०—तारे आकाश में किस क्रम से हैं, यह कैसे मालूम होवे ?

उ०—चन्द्रमा मे संयम करने से ताराओं की बनावट (रचना) मालूम होती है ।

सू०—ध्रुवे तद्गतिज्ञानम् ॥२८॥

२—ध्रुव में ऊँडो विचार करे तो वाँरी चाल री खबर पड़ जाय ।

(५) प्र०—इन तारागणों की चाल कैसे मालूम होती है ?

उ०—ध्रुव में संयम करने से इनकी गति मालूम होजाती है

मालूम हो, अथवा कहाँ सयम करने से क्या फल (सिद्धि) होता है। यह कैसे मालुम होजाय ?

उ०—प्रातिभ नाम का ज्ञान जो साधक को स्वय ही होता है, उस मे सयम करने से सब ऊपर कहे ज्ञान (सिद्धियें) हो जाते हैं। प्रातिभ नाम एक तारे का है, जो स्वय ही योगी को दीखता है। यह मालूम होजाता है कि अमुक सयम से अमुक सिद्धि होती है।

सू०—हृदये चित्तसंवित् ॥३४॥

२—हिया (हृदय पे ऊँडो विचार करवा शूँ मन दीखवा लाग जाय।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! चित्त वृत्तियों के निरोध को ही योग कहते हैं। उस चित्त की मालूम कैसे पडती है अर्थात् इस प्रातिभ ज्ञान की प्राप्ति कैसे होती है ?

उ०—हृदय मे सयम करने से चित्त का ज्ञान होजाता है।

सू०——सत्वपुरुषयोरत्यन्ताऽसंकीर्णयोः प्रत्ययाऽविशेषो भोगः परार्थत्वात्स्वार्थ-संयमात्पुरुषज्ञानम् ॥३५॥

२—मन तथा मन ने दीखे ज्यो, बिलकुल नी मिले। पण या वात नी समझवा शूँ ही दुःख सुख भोगणा पड़े है। पण कणी ने भोगणा पड़े, अणी पे ऊँडो विचार करे तो आत्म ज्ञान व्हे'जाय।

---

(५) प्र०—पुरुष (आत्मा) का ज्ञान कैसे होता है अथवा चित्त ज्ञान से क्या होता है ?

उ०—चित्त (बुद्धि) दृश्य (दीखने वाला) होने से और पुरुष (आत्मा) देखने वाला होने से ये दोनो बिलकुल अलग अलग ही हैं। तो भी इनकी एकता की समझ (एक समझना) ही भोग है और यह एक समझना भी बुद्धि (चित्त) दृश्य होने से पुरुष के ही दृश्य हैं। इससे 'मेरा' यह शब्द भाव दृष्टा।ही के आश्रित है। इसलिये इस भाव में सयम करने से आत्म ज्ञान हो जाता है और यह आत्म ज्ञान दृश्य (बुद्धि) को नहीं होता तो भी योंही कहा जाता है अर्थात् चित्त के ज्ञान से ही पुरुष का ज्ञान होता है।

सू०—ततः प्रातिभश्रावणवेदनाऽऽदर्शास्वाद-वार्ता जायन्ते ॥३६॥

२—यूँ आत्म ज्ञान व्हे' जदी उपज, शुणणो, अटकणो, दीखणो, स्वाद, ने सुगंध, ई घणा वत्ता वत्ता आवा लागे है।

(५) प्र०—हे भगवन ! यों विलक्षण आत्मज्ञान होने पर फिर क्या होता है ?

उ०—जब ऐसा आत्मज्ञान होने लगता है तब अर्थात् स्वअर्थ में (मेरा इस भाव में) संयम करने से बिना ही पढ़े लिखे सब विद्या स्वतः आजाती है और दूर नजदीक की और अलौकिक बातें सुनना, छूना, दीखना, चखना और सूँघना प्राप्त होता है, अर्थात् उसके मन और इन्द्रियों की रोक टोक कहीं नहीं रहती।

(नट) पुरुष ज्ञान के पूर्व प्रातिभ पाद १ सूत्र ३६ में कहा सो और १।३५ में कही सो प्राप्त होती है। इसे ही विषयवती प्रवृत्ति कही है १।३५। से १।३६। उत्कृष्ट है।

सू०- तेसमाधातूपसर्गा व्युत्थाने सिद्धयः ॥३७॥

२—ई सिद्धियाँ है। अणाँ शूँ घणो सुख व्हे' है। पण खरो सुख अणा शूँ आवतो थको अटक जाय है।

(५) प्र०—तब तो यह संयम ही उत्तम हुआ कि प्रथम सब

सिद्धियें भी प्राप्त होजाती हैं और फिर आत्म ज्ञान भी इसी स्वार्थ सयम से हो जाता है ?

उ०—जिसका चित्त आत्माकार होने लगता है उस योगी के तो ये सिद्धियें विघ्न हैं। क्योंकि बीच मे पड कर आत्मा कार होने से (रुकने मे) उस चित्त को हिला देती हैं और जिसका चित्त चचल है, उसके लिये ये सब वास्तव मे सिद्धियें ही हैं कि उसे इन से योग मे विश्वास दृढ हो जाता है।

सू०—बंधकारणशैथिल्यात्प्रचारसंवेदनाच्च चित्तस्य परशरीरावेशः ॥३८॥

२—यूँ ज्ञान शूँ, कर्म ढीला पड्या शूँ, ने शरीर री बणावट सूझ्या शूँ दूसरा रा शरीर में जवाय शके।

(५ प्र०—हे भगवन्! सिद्धियों का मतलब मेरी समझ मे आ गया। अब यह कहिये कि पराये शरीर मे प्रवेश करने की सिद्धि कैसे होती है अर्थात् योगी पराये शरीर मे कैसे जा सक्ता है ?

उ०—जब इस शरीर में चित्त के बन्धन के कारण ढीले हो जाते हैं और चित्त के आने जाने का रास्ता दीख जाता है तब चित्त दूसरे शरीर में प्रवेश कर सक्ता है

सू०—कायाऽऽकाशयोः सम्बन्ध संयमात् लघु तूलसमापत्तेश्चाकाशगमनम् ॥४२॥

र—शरीर, ने आकाश री मिलावट पे विचार करे तो फोरो रुई रा तार सरीखो व्हे ने आकाश मे उड़ शके।

---

(५) प्र० आकाश में उड़ना चाहे तो किस प्रकार उड़ सकता है?

उ० शरीर और आकाश के संबंध मे सयम करने से अथवा हलके (तूल) पदार्थ मे सयम करने से आकाश मे उड़ सकता है अर्थात् हलका और बारीक हो सकता है।

सू०—वहिरकल्पितावृत्तिर्महाविदेहा ततः प्रकाशावरणक्षयः ॥४३॥

र—शरीर न्यारो दीखवा लाग जाय तो शरीर रा सुख दुःख नी व्यापे ने अज्ञान मिटे।

---

(५) प्र०—कोई योगी चाहे कि इस शरीर से निकल कर एक इच्छा मय शरीर धारण कर लू और फिर इस शरीर के बंधनों से छूट जाऊँ तो उसे क्या करना चाहिये?

उ०—हे सौम्य! चित्त को यह मान रहता है कि मैं इस शरीर में हूं जब अपने इच्छामय शरीर को भावना

से बना कर उसी में ऐसा भाव कर लेवे और वही भाव दृढ़ हो जाय तो उसे महा विदेहा धारणा कहते हैं और इस धारणा से चित्त के शुभाशुभ (भले बुरे) परदे भी हट जाते हैं अर्थात् बाहर बिना ही कल्पना के वृत्ति हो जाने से महाविदेहा धारणा होती है और इस से बुद्धि (चित्त) के आवरण (परदे) हट जाते हैं।

सू०—स्थूलस्वरूपसूक्ष्माऽन्वया संयमाद्-भूतजयः ॥४४॥

२—ई सब चीजाँ कतरी हीं मही चीजाँ शूँ वणी है ने वी वगाँ शूँ मही शूँ ने वी फेर वणा शूँ मही शूँ, ने वी भी कणीक रे वास्ते है। ई पे ऊँडो विचार करे ताई सब चीजाँ वणी रे आधीन व्हे जाय।

---

(५) प्र०—आकाश आदि पच महाभूत (पाँचोंतत्व) यागी के आधीन कैसे होते हैं ?

उ०—ये पाँचो भूत (आकाशादि) क्या हैं, इनका स्वरूप क्या है वह इनका स्वरूप किससे है और उनमे व्यापक क्या है, और वे किस लिये हैं इन मे सयम करने से पाँचों महाभूत (तत्व) योगी के आधीन हो जाते हैं अर्थात् यह जगत ही पंच-महाभूत है पंच महाभूतो का स्वरूप आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी है और

पाँचों का स्वरूप शब्दादि पाँचों तन्मात्रा से है इन में तीनों गुण (सत्व रज तम) व्यापक हैं और ये सब पुरुष के लिये हैं, यों क्रम से संयम बढ़ाता जायगा त्यों त्यों ही ये भूत आधीन होते जायंगे।

सू०—ततोऽणिमादिप्रादुर्भावः कायसम्पत्तद्धर्मानभिघातश्च ॥४५॥

२—अणी शूँ आठ ही सिद्धियाँ 'मिले ने शरीर रा गुण वधे, ने ई चीजाँ वणी ने दु:ख नी देवे।

---

(५) प्र०—अणिमा (महा सूक्ष्म होना) गरिमा (बहुत भारी होना) लघिमा (बहुत हल्का होना) महिमा (बहुत बढ़ जाना) प्राप्ति (चाहे जिसे पा लेना) प्राकाम्य (इच्छा पूरी हो जाना) वशित्व (पांचों भूत और उनसे बने प्राणियों को वश कर लेना) इशित्व (बनाना और बिगाड़ सकना) यत्र कामा वसायित्व (सत्य संकल्प होना) आदि सिद्धियें कैसे मिलती है ?

उ०—ऊपर कहे अनुसार क्रम से भूत जय होने से क्रम २ से अणिमादि आठों सिद्धियें प्राप्त होती हैं और इन पाँचों भूतों की रुकावट योगी के नहीं रहती और काय संपत् भी प्राप्त हो जाती है।

सू०—रूपलावण्यबलवज्रसंहननत्वानि कायसम्पत् ॥४६॥

र—रुपाळो, सुहावणो, वळ, ने मजबूती ई शरीर रा गुण वाजे है।

---

(५) प्र०—काय संपत् किसे कहते हैं जो भूतजयी को होती है ?

उ०—सुन्दर शरीर की बनावट, मनोहरता, बल और वज्र के समान शरीर की दृढ़ता (मजबूती) को काय संपत् कहते हैं, ये भी भूतजय करने वाले योगी को होती है।

सू० ग्रहणस्वरूपाऽस्मिताऽन्वयाऽर्थवत्वसंयमादिन्द्रियजयः ॥४७॥

र—इन्द्रियाँ, ने इन्द्रियाँ री कारण। म्हूं पणो, ने म्हूं पणा रो, कारण। ई सब जणी रे वास्ते है, याँ पे ऊँडो विचार करवा शूँ इन्द्रियाँ आधीन व्हे'।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! पंचभूत जय तो मैंने समझ लिया। अब इन्द्रियें आधीन कैसे होती हैं सो आज्ञा कीजिये ?

उ०—इन्द्रियों के विषय ग्रहण पर विचार करे कि यह ग्रहण क्या है इसका स्वरूप क्या है, इस में किससे ग्रहण

होता है, इस में क्या मिला हुआ है और क्यों है अर्थात् जैसे देखना यही ग्रहण कहाता है इसका स्वरूप (देखने का काम) आंख है और यह अहंता के लिये ही देखती है। इस अहंता में तीनों गुण मिले हैं और तीनों गुण पुरुष के वास्ते हैं, यों क्रम से ग्रहण-स्वरूप अस्मिता अन्वय और अर्थ तत्व में संयम करने से इन्द्रियें आधीन हो जाती हैं। यों ही पाँचों इन्द्रियों का समझना चाहिये।

सू०—ततो मनोजवित्वं विकरणभावः प्रधान-जयश्च ॥४८॥

२—अणीं शूँ मन रे साथे जाय आय शके, ने विना ही इन्द्रियाँ (आँख कान आदि रे वणाँ रा काम कर लेने सब पे हुकम चलाय शके (सब आधीन व्हे' जाय)।

---

(५) प्र०—इस इन्द्रियजय नाम के संयम से योगी को क्या सिद्धियें होती हैं ?

उ०—इस प्रकार इन्द्रियों को जीतने-वाले योगी की गति मन के समान हो जाती है अर्थात् जहाँ मन जाता है, वहाँ मन के साथ ही वह जा सकता है और एक स्थान पर बैठा हुआ ही सब कुछ देख सुन सकता है और प्रकृति की बातों पर अधिकार कर सकता है

अर्थात् हर एक चीज जड चेतन पर हुकुमत कर सकता है।

सू०—सत्वपुरुषान्यता ख्यातिमात्रस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञातृत्वं च ॥४९॥

२—देखे ज्यो, ने दीखे ज्यो न्यारा जणाय जावा शूँ सबाँ रो आधार, ने सबाँ ने जाणवा वाळो व्हेवाय जाय।

---

(५) प्र०—यो मन का वेग प्राप्त होने पर और सब जान लेने पर भी जब योगी एक तरफ जायगा वा देखेगा तो उधर ही की मालुम पड़ेगी। परन्तु ऐसा क्या उपाय है कि हाथ के आँवले के मुआफिक ही सब जगत् को एक ही साथ जान सके ?

उ०—प्रकृति और पुरुष (द्रष्टा और दृश्य) के अलग अलग भान होते ही (द्रष्टा दृश्य का विवेक होने लगता है तब ही) सम्पूर्ण विश्वाधार और सर्वज्ञ योगी ही हो जाता है।

सू०—तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम् ॥५०॥

२—अणी ने भी नी' चावा शूँ महासुख व्हे'। क्यूँके पछे बिलकुल वासना मिट जाय है।

---

(५) प्र०—क्या यही परमयोग समझना चाहिये ?

उ०—इस में भी वैराग्य होने से (इस में भी तृष्णा न रहने से) ही दोष (दुःख) बीज (अविद्या अज्ञान) क्षय हो जाता है और तब ही पुरुष निकालस हो जाता है यही (कैवल्य) स्वरूपावस्थान है। इसे ही मोक्ष समझना चाहिये अर्थात् अपने में सब संसार को (प्रकृति को) देखना विवेकख्याति है और इस देखने से भी पुरुष का निकालस संयोग रहित होना ही परम-योग है।

सू०—स्थान्युपनिमंत्रणे सङ्गस्मयाऽकरणं पुनरनिष्टप्रसङ्गात् ॥५१॥

२—महासुख रे वचे नरी तरे रा लाळच आवे है, अणाँ में नी उळझणो ने अणाँ रो घमंड भी नी करणो। दूज्यूँ पाछा महा दुःख री कानी उतराय जवाय है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! आपने आज्ञा करी थी कि ये सिद्धियें परमयोग में तो विघ्न ही हैं तब इन सिद्धि विघ्नों के आने पर योगी किस उपाय से इन विघ्नों से छूटे अर्थात् सिद्धियों में न उलझने का क्या उपाय है और इन में उलझने से ही क्या नुकसान है?

उ०—इन सिद्धियों की खेंच में खिंचना नहीं चाहिये क्योंकि इन में लग जाने से पीछी वही जंन्म मरण की परंपरा

आ लगती है। इसी से इन्हे विघ्न कहा है (फिर पीड़ा सब दुःखों में पड़ जाता है) और एक यह भी सावधानी साथ ही में रखनी चाहिये कि सिद्धियों के त्यागने का घमंड भी न आ जाय। क्योंकि इनके त्यागने का घमड भी वैसा ही हानिकारक है जैसा इनका सेवन।

सू०—क्षणतत्क्रमयोः संयमाद्विवेकजम् ज्ञानम् ॥५२॥

२—छोटी शूँ छोटी चाल, ने छोटी शूँ छोटी वगत पे ऊँडो विचार करवा शूँ साँची समझ आवे है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! यह कैसे हो सकता है। प्रथम तो सिद्धियों को त्यागना ही कठिन और फिर उनके त्याग का अभिमान न होना इससे भी कठिन है। ऐसी हालत में क्या करना चाहिये?

उ०—क्षण (समय का सब से छोटा भाग) और उसका क्रम (उसकी तबदीली) में सयम करने से विवेकज ज्ञान होता है अर्थात् तबदीली की सूक्ष्मता मे सयम करने से दृश्य और द्रष्टा का विवेक होता है।

सू०--जातिलक्षणदेशैरन्यताऽनवच्छेदात्तुल्ययो स्ततः प्रतिपत्तिः ॥५३॥

२—अणी शूँ एक सरीसी चीजाँ रो भी फरक दीखवा लाग जाय है।

(५) प्र० इस तबदीली की सूक्ष्मता में सयम करने से जो विवेक होता है उस विवेक से क्या लाभ होता है ?

उ० जिस वस्तु मे जाति (मनुष्य पशु आदि), लक्षण (निशान), देश (उत्तर दक्षिणादि) आदि से कोई भी भेद न होवे उसका भी इस विवेक के ज्ञान से भेद मालुम हो जाता है अर्थात् एक ही वस्तु में अनेकता और अनेक में भी एकता इससे मालुम हो जाती है।

नोट—यदाभूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति ।
तत एव च विस्तार ब्रह्म सपद्यते तदा ॥
(गीताजी)

सू०—तारकं सर्वविषयं सर्वथा विषयमक्रमं चेति विवेकजं ज्ञानम् ॥५४॥

२—या तरावावाळी समझ है। ई शूँ सब आगली पाछली विगत वार एक साथे दीख जाय है।

(५) प्र० यों सर्वत्र एक में अनेकता और अनेक मे एकता मालुम होने से क्या होता है ?

उ०—यह सब विघ्नों से तारनेवाला ज्ञान है। इसीमें इसे तारक कहते हैं, इसी से सब जाना जाता है, इसलिये इसे सर्व विषय भी कहते हैं। सब की तबदीली भी इसी से मालुम होती है, इसी से इसे सर्वथा विषय भी कहा है। एकदम (विनाक्रम) सब मालुम होने से इसे अक्रम भी कहते हैं। यह ज्ञान विवेक पूर्वक होने से इसे विवेकज ज्ञान भी कहा है अर्थात् हाथ के आँवले की मुआफिक सम्पूर्ण दृश्य (प्रकृति) का इससे ज्ञान हो जाता है और इसी से वह योगी प्रकृति के विघ्नों मे नहीं फँसता यही पूर्ण ज्ञान है।

सू०—सत्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैवल्यमिति ॥५५॥

२—जदी विचार अश्यो निर्मल व्हे' जाय के विचार रे साथे ही देखवावाळो निर्मळ न्यारो व्हे' जाय यो ही महा सुख है। अर्थात् विचार री निर्मळता ही महा सुख है, पण वणी में नाम भी मे'ल रो अंश नी रे'णो चावे।

---

(५) प्र०—हे भगवन! क्या इस प्रकार विवेकज ज्ञान होने से ही मुक्ति होती है या इस के विना भी मुक्ति मोक्ष (परम योग) कैवल्य हो सकता है?

उ०—प्रकृति (दृश्य) पुरुष (द्रष्टा) की पृथकता (जुदाई) ही मोक्ष है (कैवल्य है), परमयोग है, वह चाहे सब

योगसूत्र

अथ चतुर्थ (कैवल्य) पाद

सू०—जन्मौषधिमन्त्र तपः समाधिजाः सिद्धय ॥१॥

२—जन्म शूँ, औषध शूँ, जप शूँ, समवा शूँ, ने ऊँडो विचार करवा शूँ सिद्धियाँ व्हे' है अर्थात् मन रो बळ (शक्ति) वधे है, हेर फेर व्हे' है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! आपने संयम से अनेक प्रकार की सिद्धियें आज्ञा करी। अब यह आज्ञा कीजिये कि सयम के सिवाय और भी कोई सिद्धियें होने का क्रम है या नहीं अर्थात् सिद्धियें संयम से होती हैं या और भी कोई प्रकार है। सिद्धियें कुल कितनी प्रकार की होती हैं सत्य पुरुष की समान शुद्धि ही परम सिद्धि आपने आज्ञा करी थी। अब यह आज्ञा करिये कि सिद्धि सयम से (ध्यान से) ही होती है या इसके और भी प्रकार हैं?

उ०—पाँच प्रकार से सिद्धियें होती हैं जन्म, औषधि, मंत्र, तप, और समाधि (ध्यान) से अर्थात् किसी को जन्म से ही सिद्धि (हालत तबदीली) होती है। किसी को औषध से किसी को मन्त्र से, तप से और किसी को पहले कहे मुआफिक समाधि (संयम) से

सिद्धि (हालत तबदीली) मिलती है। इन पाँचों में संयम की ही सिद्धि मुख्य है।

— —

सू०—जात्यन्तरपरिणामः प्रकृत्यापूरात् ॥२॥

१—यो हेरफेर स्वाभाविक ही व्हे' है अर्थात् कोई कठा शूँ नवी बात नी आय जाय है, पण ज्यूँ पाणी रो स्वभाव ऊँडो ने वाशदी रो ऊँनो है, यूँ ही प्रकृति रो भी या स्वभाव हीज है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! आपने प्रथम कहा था कि शरीर और इन्द्रियों की हालत तबदीली (परिणाम) एक हालत से दूसरी हालत में हो जाना ही सिद्धियें हैं। अब यह हालत तबदीली किससे, क्यों होती है अथवा इन पाँचों कारणों से क्यों होती है, सो कृपा कर कहिये ?

(नोट) ये सिद्धियें क्या हैं (क्या वस्तु है) इस दूसरे प्रश्न के उत्तर में प्रथम सूत्र है।

उ०—हे सौम्य! एक हालत तबदीली होने से स्वाभाविक ही दूसरी हालत पदार्थ की होती ही है। क्योंकि कुदरत (प्रकृति) से खाली कोई जगह कदापि हो ही नहीं सक्ती। यह कुदरती नियम (प्रकृति का स्वभाव) ही है इसी स्वभाव को ही प्रकृति की पूर्णता (आपूर) भी कहते हैं अर्थात् शरीर इन्द्रियों का एक जाति (तरह) की हालत से दूसरी तरह की हालत में हो जाना ही

सिद्धियें कहाती हैं और यह प्रकृति व्यापक होने से प्रकृति मे ही होती है।

—:—:—

सू०—निमित्तमप्रयोजकं प्रकृतीनां वरणभेदस्तु ततः क्षेत्रियवत् ॥३॥

२—करषो बीज रे ऊगवारो गेलो करदे है। ज्यूँ मन रो बळ ता (ई पाँच ही वातां तो) आगी स्वभाव रे गेलो करदे है।

---

(५) प्र०—एक हालत से दूसरी हालत मे शरीर इन्द्रियें तबदील किसी कारण के विना ही होती है, तो यों ही विना कारण ही सब की यह तबदीली एक ही साथ क्यों नहीं होती अथवा यह परिणाम किस निमित्त से होता है ?

उ०—हे सोम्य! प्रकृति (कुदरत) के स्वभाव को कोई वना नहीं सकता और न कोई उसके स्वभाव को मिटा ही सकता है। क्यों कि सब ही बनना बिगड़ना कुदरत के ही भीतर (अतर्गत) है। तथापि चित्त के प्रकृति की रोक हट जाती है। जैसे किसान पानी लेने के लिये क्यारे की रोक (बांध) तोड़ देता है और दूसरी तरफ के क्यारे में रोक बाँध देता है। इससे जल स्वयं ही एक क्यारे से दूसरे क्यारे में बहने आने लग जाता है। यों ही प्रकृति स्वय सब भली बुरी वस्तु का भडार लिये चारो

श्रोर से बह रहो है। सिर्फ धर्म अधर्म के निमित्त से (रोक बांध ले) वैसी ही प्रकार की तबदीली हो जाती है अर्थात प्रकृति का कोई कारण नही होने पर भी चित्त के शुभाशुभ से उसकी रोक और प्रवाह होता रहता है जैसे किसान से खेती होती है। यद्यपि किसान नया कुछ नहीं करता।

सू०—निर्माणचित्तान्यस्मितामात्रात् ॥४॥

२—म्हूंपणों मन रा वळ रे गेलो करे है, म्हूँपणा शूँ मन वणे है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! जब चित्त के शुभाशुभ (भलेबुरे) के निमित्त के अनुसार ही से प्रकृति का प्रवाह (तबदीली) होने लगता है, तो ये चित्त ही पृथक् पृथक् किस निमित्त से होते हैं, अर्थात् इन चित्त रूपों में जो प्रकृति बहने लगी इसका क्या कारण है। अर्थात शरीर इन्द्रियें चित्त के कारण से बनती है, तो चित्त किस कारण से बनते हैं।

उ०—सिर्फ अहं (मैं) मात्र से ही चित्त बनते हैं, जो कि पहले संयोग के नाम से कहा गया है अर्थात् प्रकृति पुरुष (जड़चेतन) के संयोग से ही पृथक् पृथक् चित्त बनते हैं और यह संयोग अविद्या से बनता है और अविद्या विपर्यय वृत्ति से बनती है, विपर्यय वृत्ति प्रकृति के रजो-

गुण की अधिकता से बनती है और प्रमाण विवेक ख्याति (मताधिक) से मिटती है। यह तुझे पहले कहा ही था।

नोट—निमित्त (चित्त) किस से चित्त व्यष्टि बुद्धि है और बुद्धि समष्टि चित्त है, निर्माण चित्त समष्टि से व्यष्टिता का होना अस्मिता मात्र संयोग मात्र को कहा मात्र से केवल संयोग समझना, संयोग जन्य अन्य वस्तु के पूर्व जो संयोग वह संयोग मात्र समष्टि चित्त सब निर्माण चित्तों का आश्रय प्रयोजक। (इसका सम्बन्ध जुड़ता नहीं है। यह ऐसा ही लिखा हुआ है—सम्पादक)

सू०-प्रवृत्तिभेदे प्रयोजकं चित्तमेकमनेकेषाम् ॥५॥

२ – बळ न्यारा न्यारा है, पण मन तो एक हीज है। म्हूँ पगो एक ही है, पण वणी रा मन न्यारा न्यारा है।

(५) प्र० अनेक प्रकार की तबदीली जो शरीर इन्द्रियें और चित्त की होतीं हैं, जिन्हें सिद्धियें कहते हैं उन में चित्त एक ही रहता है या अनेक। जो सब हालत में एक ही चित्त रहता है तब तो तबदीली ही क्या हुई और अलग अलग चित्त हो जाने से साधन तो कोई चित्त करे और उसे भोगे कोई दूसरा ही अर्थात् कर्म तो दूसरा करे और भोगे फिर और ही यह कैसे हो सकता है अर्थात हर एक शरीर इन्द्रियों के साथ मन (चित्त) भी तबदील होता है या नहीं ?

उ०—हे सौम्य ! हर एक तवदीली के साथ चित्त वह एक ही रहता है और उस एक ही चित्त से अनेको शरीर इन्द्रियो मे अनेक चित्त काम किया करते है, जैसे हमारे वाल, यौवन और जरा मे तथा जाग्रत, स्वप्न और सुपुप्ति में एक ही चित्त से अनेक चित्तो मे काम लिया है। यों ही अन्य देहो मे भी समझना।

नोट—देहिनोस्मिन् यथा देहे कौमार यौवन जरा।
तथा देहान्तरप्राप्ति र्धीरःस्तत्र न मुह्यति ॥२॥१३॥
प्रवृत्ति, खासवृत्ति अर्थात् समष्टि चित्त की व्यष्टि ही प्रवृत्ति और उसकी प्रवृत्ति वृत्ति कहाती है।

सू०—तत्र ध्यानजमनाशयम् ॥६॥

२—ध्यानरा (ऊँडा विचार रा) वळ वाळा मन मे कर्म भेळा (एकट्ठा) नी व्हे' है।

---

(५) प्र० हे भगवन् ! उन अनेक देहान्तरो में जो एक ही मुख्य चित्त काम लेता है, वह मुख्य चित्त भी एक ही तरह का होता है या मुख्यचित्त भी तरह तरह के होते हैं अर्थात निर्माण चित्त सव एक से ही होते हैं या उन में कुछ भेद होता है ?

उ० हे सौम्य ! उन मुख्य चित्तों में भी जो ध्यान युक्त चित्त है (विवेकख्यातिवाला चित्त है) वही निर्वंध (वासना रहित मुक्त) चित्त कहाता है। वाकी के कुल चित्त

वासना वाले (कर्म सहित ही हैं, अर्थात् ध्यान युक्त चित्त ही कर्म बंध से मुक्त है (जिस में अस्मिता नहीं है) बाकी सब चित्त कर्म बंधवाले ही है। जैसे—

"यस्य नाहं कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।
हत्वापि स इमांल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥" श्रीगीताजी

सू०—कर्माऽशुक्लाऽकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम् ॥७॥

७ —उजळो, काळो, ने लेरवाँ ई तीन तरे' रा कर्म दूसरा रे व्हे' है, पण ध्यान रा ऊँडा विचार वाळा मन मे कर्म नी रे' है।

---

(५) प्र०—हे भगवन्! कर्म कितने प्रकार का है कि जिस की वासना वाला चित्त कर्म बंधवाला कहाता है और उनसे रहित चित्त (ध्यानज) मुक्त चित्त कहाता है? क्या योगी कोई कर्म नहीं करता जिससे उसका चित्त कर्म बन्ध से मुक्त रहता है और दूसरों का कर्म करने से बंधन मे रहता है ध्यानज ही अनाशय क्यों?

उ०—हे सौम्य! चार तरह के कर्म होते हैं–एक शुक्ल (भले = इष्ट) दूसरे कृष्ण (अनिष्ट = बुरे) तीसरे शुक्ल कृष्ण (भले बुरे = मिश्रित) चौथे अशुक्ल अकृष्ण (न भले न बुरे = गुणातीत)। इनमें से योगी के कर्म भलाई बुराई और मिश्रण से रहित होते हैं, यद्यपि योगी कर्म करता हुआ दीखता है तो भी वह अपने में कुछ भी नहीं

करता है। योगी के सिवाय और सब के कर्म या तो पाप के बुरे, या पुण्य के अच्छे वा पाप पुण्य के अच्छे बुरे मिले होते हैं ।

"अनिष्टमिष्टमिश्रञ्च त्रिविधं कर्मण: फलम्
भवत्यत्यागिनां प्रेत्य न तु संन्यासिनां क्वचित्
नैव किंचित्करोमीति युक्त मन्येत तत्ववित् ।
पश्यन् श्रण्वन् स्पृशन् जिघ्रन्न श्नन् गच्छन्स्वपन्श्वसन्
—श्रीगिता जी

स०—ततस्तद्विपाकानुगुणानामेवाभिर्व्यक्तिर्वासनानाम् ॥८॥

२—जश्या कर्म व्हे' वश्या ही विचार व्हे' है ॥

५ प्र० हे भगवन् ! योगी का अज्ञान (अविद्या) मिट जाने से उससे किसी प्रकार के कर्मों का संबंध नहीं रहता है, परन्तु जिनका कर्मों से लगाव है अथवा योगी नहीं है, उनके अच्छे बुरे कम से क्या होता है ? प्रत्यक्ष कर्मों को छोड़ कर अप्रत्यक्ष आशय क्यो मानें ?

उ० सौम्य ! जैसे कर्म होते हैं, वैसे ही चित्त के भीतर संस्कार (उनकी वासनाएँ इच्छाएं) संग्रह होती ही रहती हैं (इकट्टी होती रहती हैं ।) वे ही इच्छाएं अनेक प्रकार की होने से अनेक प्रकार के जन्मों में अपने अनुसार ही कर्म और भोग कराती हैं। यों ही वासनाश्रत्र

से जन्म कर्म और जन्म कर्म से इच्छाएं, यों वह अज्ञानचक्र चलता ही रहता है ॥

सू०—जातिदेशकालव्यवहितानामप्यानन्तर्य-स्मृतिसंस्कारयो रेकरूपत्वात् ॥६॥

२—चावे जणी जगा', चावे जगी जूण, (योनि) ने चावे जगी वगत में या विचार ने कमर्मा री शकल जुड़ी ही रे' है ।

(५) प्र०—कर्मों के सस्कार और संस्कार (इच्छा) से कर्म मानने में प्रत्यक्ष में कर्म का कारण कोई सस्कार नही दीखता है तब संस्कार विना ही कर्म होते हैं, यह मानने में क्या हर्ज है अर्थात् आशय से ही अभिव्यक्ति क्यो मानें, क्योंकि कर्म और आशय एक के उपरान्त दूसरा साथ ही जुड़ा हुआ नही दीखता ।

उ०—स्मृति विना कोई कार्य नहीं हो सकता और स्मृति और संस्कार एक ही होने सें जितने कुछ काम किये जाते हैं, वे पहले के संस्कार (इच्छा) से ही होते हैं चाहे समय, जाति, स्थान, अन्य होवे, परन्तु कार्य विना संस्कार के नहीं हो सकते ।

सू०—तासामनादित्वं चाशिषो नित्यत्वात् ॥१०॥

र—ठेठ शूँ ही या विचार कर्मा री शाँकळ गोळमटोळ है। क्यूँके सुख री चावना ठेठ शूँ ही है, ने ईं शूँ ही विचार कर्म री शाकळ है।

---

(५) प्र०—तब सस्कार स्मृति (इच्छा) किससे होती है ? क्योकि कर्म इच्छा से होते हैं, तो इच्छा किससे होती है अर्थात आशय विना कर्म नही, तो आशय किससे अर्थात आशय से कर्म होते हैं तो आशय किससे होते हैं ?

उ०—इच्छा (सस्कार) अनादि है अर्थात् इच्छा का आदि कारण कोई नही है। क्योंकि सुख मे प्रवृत्ति और दुख से निवृत्ति जीव मात्र मे जन्म से ही होती है।

सू०—हेतुफलाश्रयालम्बनैः सगृहीतत्वादेषामभावे तदभावः ॥११॥

र—मूर्खता, सुख, दु ख, ख्रार, हेतु, ने चावना शूँ, या विचार कर्मा री शाँकळ है। अणा रे छूट जावा शूँ या भी छूट जाय है।

---

(६) प्र०—तब तो इच्छा अनादि होने से कर्म अनादि होगा और कर्म से जन्म और जन्म से फिर कर्म, इच्छा। यों यह परपरा मिट नही सकती अर्थात् अनादि कैसे मिटे ?

उ०—यद्यपि वासना अनादि है, तो भी अनत नही है। क्योंकि वासना का संग्रह हेतु, फल, आश्रय, आलबन से ही होता है। अर्थात् इन चारों के आधार पर ही वासना (इच्छा) की स्थिति है, जब ये ही मिट जायँ, तो निराधार वासना नही रह सकती है। हेतु (अविद्या) फल (भोग मोक्ष) आश्रय (व्यष्टि मन, अज्ञान युक्त चित्त) आलंबन (विषय को कहते हैं इन से सुख चाहना वासना है अर्थात् हेतु आदि मिटने से मिटे।

सू०—अतीतानागतं स्वरूपतोऽस्त्यध्वभेदाद्धर्माणाम् ॥१२॥

२– छूटवा शूँ या विचार री शांकळ मिट जाय या वात नी है। पण या सिमट जाय है, अणी रो बाँधवा रो स्वभाव छूट जाय है।

---

(५) प्र०—तो क्या इन चारो हेतु आदि का नाश (अभाव) हो जाता है, या रूपान्तर होता है कि जिससे वासना का नाश होता है अर्थात् तब क्या हेतु आदि मिट जाते हैं (नित्य कैसे मिटे) ?

उ०—स्वरूप से नाश किसी वस्तु का नही हो सकता। क्योंकि प्रकृति नित्य है, केवल रूपान्तर होना ही नाश कहा गया है अर्थात् उनका रूपान्तर हो जाता है, ये मिट नहीं सकते।

सू०—ते व्यक्तसूक्ष्मा गुणात्मानः ॥१३॥

२—देखे जी, ने नी देखे जी ई सब ही चीजाँ एकहीज चीज मे है, यूँ समझणों ही अणी रो सिमटणो है।

(५) प्र०—हे भगवन्! वासना के कारण, हेतु (अविद्या) आदि का होना ही अनर्थ का मूल है, फिर उनका नाश भी नहीं होता, रुपान्तर ही होता है, यह भी आप कहते हैं तो फिर दोनों बातें कैसे हो सकती हैं अर्थात् वासना कैसे मिटे?

उ० हे प्रिय! प्रकृति ही अविनाशी कही गई है, वही प्रकृति दृश्य अदृश्य रूप से होने पर भी है, प्रकृति ही। क्यों कि त्रिगुण से रहित कोई वस्तु नहीं है और यों प्रकृति-मय ही सब समझ लेने से अविद्या आदि होकर भी अनर्थकारी नहीं होते अर्थात् ये हेतु आदि गुण ही है प्रकृति, ही है, यों जानना चाहिये।

सू०—परिणामैकत्वाद्वस्तुत्तत्वम् ॥१४॥

२—क्यूँके पाछा वणी एक में मिल जाय है, ई वणी एक शूँ न्यारा नी रे'शके जणी शूँ एक ही है॥

(५) प्र० अनेक वस्तुओं के दीखने पर भी एक ही वस्तु प्रकृति

ही सब है, यह बात कैसे समझ में आसकती है अर्थात् अनेक कैसे ?

उ० सब आखीर में प्रकृति के स्वरूप को ही पाते हैं। आदि में भी प्रकृति ही के स्वरूप में थे, वर्तमान में भी वही रूप है, ज्यों मृत्तिका ही प्रथम और अंत में भी मृत्तिका ही होने से वर्तमान में भी घट मृत्तिका ही है। इससे एक ही वस्तु है, अनेक नहीं।

सू०—वस्तुसाम्ये चित्तभेदात्तयोर्विविक्तः पंथा॥१५॥

रा—एक ही चीज है तो भी मन रा न्यारापणा शूँ न्यारी दीसे है (ज्यूँ—'आँगळ्या शूँ गोळी धरि, तर्जनी पे मध्यमा कर' बिच कंकर देख)।

---

(५) प्र०—जो सब एक ही वस्तु प्रकृति ही है, तो अनेक वस्तुएँ क्यों दीखती हैं ?

उ०—एक ही वस्तु होने पर भी चित्त के भेद से वस्तु भेद प्रतीत होते हैं। जैसे एक ही स्त्री अनेक सम्बन्धियों को चित्त भेद से अनेक भाव से दीखती है अर्थात् निर्माण चित्त के भेद से भेद दीखता है ?

उ०—यह चित्त स्वयं ही दीखने वाला है, तो फिर यह कैसे देख सकता है ।

सू०—एकसमये चोभयानवधारणम् ॥२०॥

र—एक शूँ देखवारो ने दीखवारो दो ही काम लारे नी व्हे' शके।

(५) प्र०—देखना और दीखना दोनों ही काम यही एक ही चित्त कर लेगा ?

उ०—एक साथ दो काम एक से नहीं हो सकते, दीखने वाला, देखने वाला नहीं हो सकता और देखने वाला दीखने वाला नही हो सकता (चित्त दीखता है तो देखता नहीं और देखता है तो दीखता नही है) ।

सू०—चित्तान्तरदृश्ये बुद्धिबुद्धेरतिप्रसंगः स्मृति सङ्करश्च ॥२१॥

र—मनने देखवावाळो फेर दूसरो मन माना, तो या लमटेर पूरी नी व्हे' ने याद भी नी रे' ।

(५) प्र०—तब एक दूसरा चित्त उस चित्त को देखने वाला मान लेने मे क्या दोष है ? पुरुष ही मानने से क्या लाभ ?

उ०—एक चित्त को दूसरा चित्त देखने वाला और फिर वह भी दीखता है, इसलिये उसको भी देखने वाला और यों और और करने से कहीं टिकाव न रहेगा और जब देखने वाला ही कायम न होगा, तो स्मृति कहां ठहरेगी अर्थात् स्मृति भी न रह सकेगी। क्योंकि स्मृति किसी स्थायी के आधार पर रहती है अर्थात् एक चित्त दृश्य, वैसे ही जितने कल्पे जायँ सब ही दृश्य ही हुए। तब इतनी कल्पना व्यर्थ क्यों करनी और जब इसकी ही निश्चय न हुई, तो कल्पना करने वाला कौन होगा इसका भी पता न चलेगा!

सू०—चित्तेरप्रतिसंक्रमायास्तदाकारापत्तौ स्वबुद्धिसंवेदनम् ॥२२॥

२—मन देखवा।वाळा रो स्वभाव आप में लेयने देखनावाळो वणे है, पण देखवावाळा रो तो स्वभाव कणी शूँ मिलवारो है, ही नीं'।

---

(५) प्र०—तो क्या देखना, सुनना, समझना, सब पुरुष ही करता है, या चित्त ही करता है?

उ०—निर्मल निर्लेप पुरुष में चित्त जैसी प्रतीति, चित्त से होती है और दृश्य चित्त में द्रष्टा पुरुष की प्रतीति द्रष्टा पुरुष से होती है, इससे ही उपचार से पुरुष में द्रष्टापन है।

सू०—द्रष्टृदृश्योपरक्तं चित्तं सर्वार्थम् ॥२३॥

२—देखे, ने दीखे अणां दोयाँ रा चलका मनरे दो ही पछवाडे पड़े, जणी शूँ मन सब काम करे है।

---

(५) प्र०—जब पुरुष में भी देखना नहीं है और चित्त में भी नहीं है, तो यह विश्व दीखता कैसे है ?

उ०—दीखने की वस्तुएँ चित्त के एक बाजू है (आगे है) और देखने की वस्तु चैतन्य चित्त के एक तरफ है (पीछे है) इसीसे चित्त ही को ज्ञान अज्ञान में उपयुक्त समझते हैं, अर्थात् जड़ चैतन के प्रकाश से मिला हुआ यह जड़ चैतन दोनों जैसा होता है, यही संयम है इसी से संसार है, यही संयोग है।

सू०—तदसंख्येयवासनाभिश्चित्रमपि परार्थं संहत्यकारित्वात् ॥२४॥

२—जो मन चावे जस्यो ही बणो, पण तो भी देखबावाळा शूँ हीज साबत व्हे' है, दीखे है।

---

(५) प्र०—तब तो संसार के और आत्मा के प्रकाशवाला ही चित्त रहेगा और इसे ही द्रष्टा समझना होगा इस की निवृत्ति कैसे ?

उ०—यों जड़ चैतन का प्रकाश युक्त चित्त अनेक प्रकार की

वासनाओं से (संसार से) रँगा हुआ है, तो भी है, पुरुष ही के लिये अर्थात् इतना होने पर भी चित्त है, दृश्य ही आत्मा और अनात्मा के अंश को धारण करके भी चित्त है, तो दृश्य जड़ ही। यह संपूर्ण चित्र विचित्रता लिये आत्मा के अर्थ ही है।

सू०—विशेषदर्शिन आत्मभावभावना विनिवृत्तिः ॥२५॥

२—अणो बात ने समझ लेवे वणी ने आप में भम नी व्हेवे

---

(५) प्र०—जो इस प्रकार चित्त आत्मा का दृश्य ही है तो फि बन्ध संयोग अस्मिता तो होनी ही न चाहिये। तब फि ज्ञानी अज्ञानी में क्या भेद रहा?

उ०—हे सौम्य! इस प्रकार चित्त को जानने वाले की अप मे विपरीत भावना थी, वह निवृत्त हो जाती है, और न जानने से वह बनी रहती है।

सू०—तदाविवेकनिम्नं कैवल्यप्राग्भारं चित्तम् ॥२६॥

२—वणी में साँची समझ रो धोरो व्हे'बा लाग जाय।

---

(५) प्र०—इस प्रकार विपरीत भावना अपने में निवृत्त होने से क्या होता है?

उ०—तब ज्ञान चित्त की तरफ झुकता जाता है और वह मुक्त केवल रूप होता जाता है।

मू०—तच्छिद्रेषु प्रत्ययान्तराणि संस्कारेभ्यः ॥२७॥

२—यूँ चित्त मे पे'ली री वातां भी वचे वचे याद आय जाय।

---

(५) प्र०—यों चित्त के आत्म ज्ञान की तरफ झुकने से और निर्मल होने से क्या उसे अन्य कुछ भी ज्ञान नही रहना है ?

उ०—पहले सस्कारो के कारण से बीच बीच में चित्त मे अन्य याद आया करते हैं, जिनसे योगी व्यवहार भी करता रहता है।

मू०—हानमेषां क्लेशवदुक्तम् ॥२८॥

२—पण वी तो अणी साँची समझ रे आगे ठे'र नी शके। अतरा विचार री नाईं ई भी साँची समझ शूँ हीज मिट जाय।

---

(५) प्र०—इन संस्कारों को भी रोकने का क्या उपाय है अर्थात् सस्कारों की अत्यन्त निवृत्ति कैसे होती है ?

उ०—जैसे क्लेशों का नाश कहा था, वैसे ही इन संस्कारों का भी नाश होता है अर्थात् ध्यान से नाश किये जाते हैं।

सू०—प्रसंख्यानेऽप्यकुसीदस्य सर्वथाविवेक-ख्यातेर्धर्म मेघः समाधिः ॥२९॥

र—जदी अणी साँची समझ रो भी मोह मिट जाय, जदी तो वचे दूसरा विचार री आवणो बिलकुल रुक जाय, ने केवल साँची समझ रा विचार होज रे' जाय।

(५) प्र०—तब तो सदा ही सब संस्कारों को मिटाने के लिये ध्यान बना रखना चाहिये ?

उ०—ज्ञान में भी इच्छा मिट जाने से धर्ममेघ नाम की समाधि होती है, इसमें सत्य ज्ञान ही सर्वत्र फैल जाता है, यही अखण्ड अविप्लवा विवेक ख्याति कहाती है।

सू०—ततः क्लेशकर्म निवृत्तिः ॥३०॥

र—जदी दुःख रा विचार (कर्म) बिलकुल मिट जाय है।

(५) प्र० इस प्रकार धर्ममेघ समाधि से फिर क्या होता है ?

उ० धर्ममेघ समाधि से सब क्लेश और कर्मों की निवृत्ति होजाती है।

०

सू०—तदा सर्वावरणमलापेतस्य ज्ञानस्यानंत्या-ज्ज्ञेयमल्पम् ॥३१॥

र—पछे अणी साँची समझ रे रोकवावाळो कोई विचार नी रे'वा शूँ ईं रे जाणवो बाकी नी रेवे, केवल अपार सुख ही सुख रे' जाय है।

(५ प्र०—फिर उसके चित्त की क्या दशा होती है ?

उ०—तब क्लेश कर्मों के आवरण से रहित ज्ञान (चित्त) अनन्त हो जाने से सब ही ब्रह्माण्ड तुच्छ अल्प या कुछ होजाता है अर्थात निर्माण चित्त अपने असली चित्त में मिल कर अनत हो जाता है।

सू०—ततः कृतार्थानां परिणामक्रमसमाप्तिर्गु-णानाम् ॥३२॥

र—अब कोई काम बाकी नी रे'वा शूँ हेर फेर व्हे'णो मिट जाय है।

---

५ प्र०—फिर क्या होता है ?

उ०—तब गुणों का कार्य समाप्त हो जाने से गुणों का तबदीली होना मिट जाता है अर्थात् एक ही प्रकृति

ही प्रकृति रह जाती है अर्थात् गुणों का क्रम रुक जाता है॥

मू०—क्षणप्रतियोगी परिणामापरान्तनिग्राह्यः क्रमः ॥३३॥

२—हेर फेर एक तरे' शूँ दूसरी तरे' व्हे' जाणो वाजे है, ने यो हेर फेर हरेक चीज रे नवी जूनी व्हे'वा शूँ जाण्यो जाय है॥

(५) प्र० गुणों का क्रम क्या है ?

उ० समय का भान मिट कर वस्तु की तबदीली का भान मिटना ही गुणों का क्रम मिटना है और समय का भान और गुणों की तबदीली का होना ही क्रम है॥

मू० पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति ॥३४॥

२—यूँ हेर फेर मिटवा शूँ हरेक चीज फेलणो छोड़ ने सिमट जाय है। अणी रो ही नाम अखंड महासुख तरंगाँ रो रुकणो मोख या देखवावाळा रो दीखे जणी में नी मिलणो है॥

(५) प्र० यों गुणों का क्रम रुक जाने से क्या होता है ?

उ० कृत कार्य होने से गुणों का फैलना मिटकर सिमट जाना अर्थात् सपूर्ण संसार एक प्रकृतिमय होजाना ही मोक्ष है अथवा पुरुष का स्वरूपावस्थान वा चित्त-वृति निरोध कहाता है अथवा यही परमपद कहाता है ॥

॥ [illegible] ग्रन्थः ॥

शुद्धिपत्र

पानारी	ओळमे	है	व्हे'णो चावे
भूमिका २	१८	दिख	दिखे
	१९	दिखे	दिख
३	४	दूजो	दूजा
३	१०	आंगळा	आंगळी
४	१५	जबीमें	जगमें
४	१७	भी व्हे'	भी न व्हे'
५	२४	चो	धाजे
६	१३	निकळा	निकळ
६	१६	अणाँ रा	अणाँ रो
७	१८	आश्रय	आश्रम
९	४	सा	सौ
९	१३	मत	मत
९	२०	यूँ	शूँ
१०	१५	मनीपिाएम्	मनीपिणाम
१	५	शानम्	शासनम्
२	१६	हीन नी	हीज नी
३	८	सवदा	सर्वदा
४	९	धम	धर्म
५	७	गुण रा	गुण रो
५	१६	देखवावळो	देखवावाळा
६	१७	य ही	या ही

पानारी	ओळमें	है	व्हे'गो –
८	३	वाळा	वाळो
१०	१२	ठिकाण	ठिकाणे
११	५	और वी	और वा
११	११	अणाजाण्या	अणजाण्या
१२	११	नामहीन	नामहीज
〃	१३	प्रमाणे	प्रमाण
१४	१७	मे'म	भे'म
१७	१६	टूट्यो रो	टूंट्यो रो ?
१८	१९	मान	भान
१९	८	मरणो	मिटणो
२०	१५	स्पद	स्पंद
३३	१९	असंप्रज्ञाय	असंप्रज्ञात
३३	१९	थका	थकी
३३	२३	उद्ने	उल्ले
४२	४	मिटन	मिनट
४२	१९	प्राणि	प्रणि
४७	१७	(पुरौंपा)	पुरुपाँ
४९	१५	कलि	काले
५२	१	प्रयती	परयती
५४	१७	और	ओर
६०	१३	फई-न-नई	फई-न-कई
९८	१७	उवा	उवो
१०२	११	शास्त्र	शास्त्र
१०३	४	छोटी	छेटी

पानांत	ओळींत	हे	व्हे'णो चावे
१०३	७	आयो	आपो
१०४	१८	सर्वात्कृष्ट	'सर्वोत्कृष्ट
१०६	९	तीगाँ	तीनाँ
१०९	५	कल	काल
१०९	२१	रना	करना
११०	१	समाधि	स समाधि
११२	२०	तन्	तनु
११३	१९	ततु	तनु
११७	१३	तेवा	तैवा
१२५	१०	द ख	दुःख
१२६	१२	चविश	हविश
१२६	१३	से	के
१२७	६	द्रष्टा	द्रष्ट
१२८	१५	लिंग	लिङ्ग
१३०	११	नष्ठ	नष्ट
१३२	१९	तद्विद्या	त विद्या
१३१	१	स्तान्तिवष्टा	स्तन्तिष्ठा
१३५	४	समाधीव	समाधाव
१३६	९	वा' रला	'वा' रला
१३८	१	जाति	रति जाति
१३९	१५	पति	मति
१४१	८	तत्कर्म	सत्कर्म
१४३	११	तत्सबोधः	ता सम्बोधः
१४३	१२	छुट	छूट